ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 30.06.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) महोदय पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा आज दिनांक 30.06.2021 को 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण।

- नगर निगम, शाहजहॉपुर में मोहर्रिर पद पर तैनात ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के आज दिनांक 30.06.2021 को सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम प्रांगण में किया गया विदाई समारोह।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 30.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है।

1. अपर निदेशक (प्रशिक्षण) महोदय पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा आज दिनांक 30.06.2021 को 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्विस लेवल इन्डीकेटर्स व लक्ष्य के बारें में बताया गया। प्रशिक्षण में अपर निदेशक (प्रशिक्षण) महोदय पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा सर्विस लेवल इन्डीकेटर्स व लक्ष्य के अन्तर्गत प्रति व्यक्ति प्रति दिन जलापूर्ति, उत्पादित पेयजल का वह अंश जो यूटिलिटी की श्रेणी में नही आता है और न ही जिससे कोई राजस्व अर्जित होता है, में कमी लाना, सीवरेज/सेप्टेड व्यवस्था का गृह आच्छादन, पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति के आच्छादन हेतु गृह संयोजन के बारे में बारें मूं विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि सिटी फाईनेन्स पोर्टल पर सर्विस लेवल इण्डीकेटर्स संबधी सूचनायें एवं पीडीएफ फाइल में गार्वेज फ्री स्टार रेटिंग, कवरेज ऑफ वाटर सप्लाई फॉर पब्लिक/कम्यूनिटी टायॅलेट संबधी सूचनायें दिनांक 15 अगस्त 2021 तक भारत सरकार को अनिवार्य रुप से सबमिट करा दिया जायें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्लान फॉर गार्वेज फ्री स्टार रेटिंग ऑफ द सिटी से संबधित प्लान में बेसलाइन वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निर्धारित बेन्चमार्क 100 प्रतिशत के सापेक्ष लक्ष्य में कमी की गैप फिलिंग किये जाने हेतु एवं कूड़े के स्रोत पर सेग्रीगेशन से संबधित निर्धारित बेन्चमार्क 100 प्रतिशत के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य में कमी की गैप फिलिंग हेतु प्रस्तावित योजना में आई0ई0सी0 गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये जन जागरुकता हेतु विशेष अभियान आयोजित करना, गार्बेज फ्री सिटी के विभिन्न मानकों हेतु आई0ई0सी0 गतिविधियों के साथ निकाय में सम्बद्व सफाई कर्मियों का समूचित प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित करने की योजना के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर निदेशक (प्रशिक्षण) महोदय पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित किया गया कि इस कार्य के लिये यदि अभी तक किसी को नोडल अधिकारी नामित न किया गया हो तो इस कार्य के लिये संबधित अधिकारी को अविलम्ब नोडल अधिकारी नामित करते हुये उनके नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आईडी की सूचना उपलब्ध करायें। जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा बताया गया कि नगर निगम, शाहजहॉपुर से लेखाधिकारी सी0पी मौर्य को नोडल अधिकारी नामित कर दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकगण तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

2. नगर निगम, शाहजहॉपुर में मोहर्रिर पद पर तैनात ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर आज दिनांक 30.06.2021 को नगर निगम प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने सेवानिवृत्त हुये ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की सेवाओं का स्मरण करते हुये उनकी प्रशंसा की व उनकी लम्बी उम्र की कामना की गई। विदाई समारोह में उपस्थित सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त हुये ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अब तक किये गये कार्यो की सराहना की गई व उनके स्वस्थ जीवन के लिये शुभकामनायें दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लेखाधिकारी सी0पी0 मौर्य द्वारा सेवानिवृत्त हुये ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को भविष्य निधि आदि का चेक भेंट किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह विषेन ने अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त हुये ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को शुभकामनाये दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अगंद गुप्ता, लेखाधिकारी सी0पी0 मौर्य, कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह विषेन व अन्य अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त हुये ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को मार्ल्यापण कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य रुप से सुभाष मिश्रा, रिजवान खॉ, सरताज आलम स्टैनो, अशोक कुमार सिंह, नदीम अख्तर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 30.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, एमनजई जलालनगर, महमंद जलालनगर, तारीन जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा चमकनी, अंटा, लकड़ी मण्डी, ताजुखेल व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा कच्चा कटरा, अलीजई, महमंद जगंला, तिलहरजई, पूराना जिला अस्पताल, हयातपुरा, हुसैनपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, मानूजई, वाजिदखेल, महमंदगड़ी में स्थित बच्चा जेल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ख्वाजा फिरोज, दलेलगंज, गड़ी गाड़ीपुरा, तारीन गाड़ीपुरा में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5874 स्थलों एवं 600 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 30.06.2021 को सफाई जोन–02 में बहादुरपुरा में जी.आई.सी. कॉलेज के पीछे बने नाले एवं झण्डा कलां में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 खलीलशर्की एवं चौभुर्जी में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में मढ़ा में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के सराय काईयां में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।